HAMIRPUR POLICE

कोतवाली सदर
दिनाँक 30.11.2023

09 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर्ता (अभियुक्त) 12 घंटे मे पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार, बच्ची सकुशल बरामद

अवगत कराना कि कल दिनांक 29.11.2023 को समय करीब 05:00 बजे खालेपुरा मोहल्ला के चार-पांच छोटे बच्चे अंबेडकर पार्क नगर पालिका में घूमने आए थे, जिसमें एक बच्ची समायरा उम्र करीब 09 वर्ष का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया था।

इसके सम्बन्ध में लड़की के मामा मोहम्मद कादिर की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0-368/23, धारा-363 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया है। साथ ही बच्ची को ढूंढ़ने हेतु पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर बच्ची को ढूंढने हेतु निर्देशित किया गया था, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य संसाधनों से भी बच्ची को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम मे सीसीटीवी मे एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हो रहा था जिसकी शिनाख्त हेतु सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार किया गया जिसके फलस्वरुप इसकी पहचान सुरेंद्र धुरिया पुत्र रामधीर उम्र 26 वर्ष निवासी कदौरा पुराना थाना कस्बा व थाना का कदौरा जनपद जालौन के रूप में हुई थी। बच्ची को ढूंढने हेतु पुलिस टीम के साथ-साथ जनता के लोग भी सहयोग कर रहे थे जिसके क्रम मे बच्ची सिटी फॉरेस्ट के पास समय करीब 06.15 AM बजे बरामद कर लिया गया था।

बच्ची द्वारा बताया गया कि जो व्यक्ति मुझको ले गया है यह पीछे कहीं जंगल में भाग गया हैवा। जिसकी गिरफ्तारी हेतु कोतवाली सदर पुलिस एवं

SOG टीम द्वारा संयुक्त रूप से कोबिंग की गई, जिसके फलस्वरुप सिटी फॉरेस्ट के जंगल में समय करीब 07.10 AM बजे एक संदिग्ध व्यक्ति प्रतीत हुआ, जिसको पुलिस टीम द्वारा आवाज दी गई एवं रोकने का प्रयास किया गया संदिग्ध द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर तमंचे से फायर किया गया पुलिस टीम द्वारा अपने बचाव में गोली चलाई जो उसके बाएं पैर में लग गई, इसके उपरांत उसको घेर कर पकड़ लिया गया। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, फायर किया गया खोखा एवं जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। घायल को तत्काल जिला अस्पताल हमीरपुर में एडमिट करवाया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। बरामद बालिका को महिला थाना पुलिस टीम द्वारा सुपुर्दगी में लेकर बयान एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।